हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 4 मई 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री


11 वाहनों के काले धुएं से शहर में वायु प्रदूषण का ग्राफ लगातार..



12 उपेक्षित, पिछड़े लोगों के लिए काम कर रहा 'प्रयोग'



## जिला प्रशासन ने चार पर्यटन स्थलों को संवारने बनाई योजना

# जिले के पर्यटन क्षेत्रों में आएगा बूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के पर्यटन में अब बूम आएगा। गंगरेल सहित चार पर्यटन स्थल को डेवलप करने के लिए प्लानिंग तैयार की जा रही है। यही नहीं गंगरेल में डैम स्थल के बंद दरवाजे को भी खोला जाएगा। जहां पर पर्यटक भ्रमण कर पाएंगे। पर्यटकों के लिए सशुल्क ई-रिक्शा भी चलाई जाएगी। इसके लिए महिलाओं को तैयार किया गया है।

लंबे समय से जिले में पर्यटन को लेकर काम सुस्त पड़ा था। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पर्यटन स्थलों का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद में इसमें जान फूंकने के लिए विभिन्न विभागों को लगा दिया है। इसे लेकर शुक्रवार को बैठक भी हुई। जानकारी के अनुसार सबसे पहले जिले के चार पर्यटन स्थल को अपडेट किया जाएगा। इसमें गंगरेल, नरहरा, जबर्रा और बूटीगढ़ शामिल है। सबसे ज्यादा फोकस गंगरेल पर्यटन में किया जा रहा है। इसके लिए वन विभाग, पुलिस, राजस्व, स्वच्छ भारत मिशन सहित कई अन्य विभाग मिलकर काम करेंगे। समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाएगा। इस कड़ी में चेम्बर ऑफ कामर्स ने गंगरेल में विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर लगाने की सहमति दी है।

**गंगरेल नरहरा जबर्रा और बूटीगढ़ शामिल**



### ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा

पर्यटन स्थलों में पर्यटन शुल्क भी लागू किया जाना है। इसके अतिरिक्त पार्किंग शुल्क, ई-रिक्शा किराया सहित विभिन्न प्रकार से आवक होगी। पर्यटकों से ऑनलाइन पेमेंट लेने को प्राथमिकता दी जाएगी। ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर पाने की स्थिति में ऑफलाइन पेमेंट लिया जाएगा। पार्किंग स्थल को भी अपडेट किया जाना है। व्यवस्थित पार्किंग के साथ पार्किंग स्थल में शौचालय, पानी आदि की व्यवस्था रखी जाएगी।

### प्लास्टिक की होगी रिसाइक्लिंग

गंगरेल सहित अन्य पर्यटन स्थल में कचरा काफी अधिक है, जिसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक, डिस्पोजल, बॉटल आदि है। कचरे को एकत्रित कर उसमें से प्लास्टिक का कचरा अलग किया जाएगा। इसके बाद रिसाइक्लिंग के लिए प्लास्टिक कचरे को स्वच्छ भारत मिशन के भटगांव स्थित रिसाइक्लिंग प्लांट या नगर निगम के दानीटोला स्थित रिसाइक्लिंग प्लांट में ले जाया जाएगा।

### खुलेगी पुलिस चौकी

गंगरेल में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी खोलने का प्लान है। चौकी में शुक्रवार, शनिवार और रविवार को पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। पेट्रोलिंग रोजाना होगी। बूटीगढ़ में आयुर्वेदिक नर्सरी बनाई जाएगी। जबर्रा में होम स्टे की सुविधा है। यहां पर रेस्टहाउस भी है। शौचालय और ट्रेकिंग की सुविधा और अच्छी की जाएगी। ट्रेकिंग के लिए साइकिल की व्यवस्था की जाएगी।

**आंखों की समस्या से पीड़ित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे जिला अस्पताल**

# तेज धूप आंखों के लिए खतरनाक रेडनेस व खुजली की समस्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भीषण गर्मी के कारण आंखों में रेडनेस व खुजली की समस्या बढ़ गई है। इस मौसम में शरीर के साथ- साथ आंखों की भी विशेष देखभाल करना आवश्यक है।

इन दिनों अंचल में भीषण गर्मी पड़ रही है। धूप इतनी तेज हो गई कि लोग दोपहर में घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। नवतपा लगने से पहले ही सूर्य अपना तेवर दिखाने लगा है। दोपहर से लू चलने के हालात हो गए हैं। मई के शुरुआती माह में ही दिन का तापमान लगभग 42 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि की संभावना बताई है। बढ़ते तापमान के कारण लोग डिहाइड्रेशन, सनस्टोक, स्किन बर्निंग व लू की चपेट में आ रहे हैं। इससे बचने चिकित्सक द्वारा जरूरी उपाय करने का परामर्श दिया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में जहां शरीर की सुरक्षा आवश्यक है वहीं आंखों की सुरक्षा भी अति आवश्यक हो गई है। इस मौसम में डिहाइड्रेशन व लू के लक्षण वाले मरीज उपचार के लिए जिला अस्पताल तो पहुंच ही रहे हैं। वहीं आंखों की समस्या से पीड़ित मरीज नेत्र विभाग में इलाज के लिए आ रहे है। तेज धूप व गर्म हवाओं के टकराने से आंखों में रेडनेस व खुजली की समस्या आ रही है। रोज 5 से 7 मरीज आंखों में रेडनेस का उपचार कराने जिला अस्पताल आ रहे हैं।



### धूप में सनग्लास व काला चश्मा का उपयोग करें

नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण लोग आंखों की समस्या से पीड़ित हो रहे हैं। तेज धूप के कारण आंखों में रेडनेस, खुजली की समस्या हो रही है। तेज धूप में निकलने से गर्म हवा के कारण आंखों में ड्राइनेस की समस्या हो रही है। अस्पताल में रोजाना 5 से 7 रेडनेस के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इस मौसम में आंखों की सुरक्षा के सबंध में डा. सूर्यवंशी ने बताया कि धूप में निकलते समय आंखों में सनग्लास व काला चश्मा का उपयोग करना चाहिए। वहीं प्रत्येक दो घंटे में ठंडे पानी से आंखों को धोना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रेडनेस फैलने वाला रोग नहीं है। इसमें आंखों का लाल हो जाना, कीचड़ आना व खुजली की समस्या होती है। वहीं ड्राइनेस के कारण आंखों में सूखापन, खुजली व आंसू आते हैं। समस्या होने पर आंखों का उपचार कराना चाहिए।

# नीलगाय के टकराने से महिला हुई घायल

**धमतरी।** जंगल में तेन्दूपत्ता तोड़ रही महिला से नीलगाय टकरा गई। इस हादसे में महिला के तीन से चार दांत टूटकर बाहर गिर गए। तेन्दूपत्ता सीजन का यह दूसरा हादसा है।

मिली जानकारी के अनुसार वनांचल में इन दिनों तेन्दूपत्ता तोड़ने व संग्रहण का काम जोरों से चल रहा है। ग्रामीण सुबह से ही तेन्दूपत्ता तोड़ने जंगल चले जाते हैं। तेन्दूपत्ता तोड़कर संग्रहित कर घर लौट जाते हैं। रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिदखुर्द व बेलतरा के ग्रामीण भी इन दिनों तेन्दूपत्ता तोड़ने के काम में लगे हैं। ग्राम बोरिदखुर्द निवासी अर्चना कुंजाम पति पुनेश्वर उम्र 32 वर्ष शुक्रवार की सुबह गांव के अन्य लोगों के साथ तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए गुहान तालाब के ऊपर जंगल में गई थी। वहीं ग्राम बेलतरा के ग्रामीण भी तेन्दूपत्ता के लिए गुहान के जंगल गए थे। दोनों गांव के ग्रामीण जंगल में इधर-उधर फैले बूटे में से तेन्दूपत्ता तोड़ने में व्यस्त थे। अर्चना कुंजाम भी कुछ महिलाओं के साथ तेन्दूपत्ता तोड़ रही थी। इसी दौरान नीलगाय का झुण्ड तेज गति से जंगल में दौड़ रहा था तभी झुण्ड में से एक नीलगाय तेन्दूपत्ता तोड़ रही महिला की तरफ छलांग लगाते दौड़ गई। इस घटना में नीलगाय सीधे महिला से टकरा गई। नीलगाय की टक्कर से महिला के तीन से चार दांत टूटकर बाहर गिर गए। टक्कर मारने के बाद नीलगाय जंगल की तरफ भाग गई। घायल महिला की आवाज सुन अन्य लोग घटनास्थल पहुंचे। संजीवनी 108 की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को निजी डेंटिस्ट के पास ले जाया गया है।




- गुहान जंगल में तेन्दूपत्ता तोड़ने के दौरान हुआ हादसा

गौरतलब है कि तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य 2 मई से शुरू हुआ है। शुक्रवार को दूसरा दिन था। इन दो दिनों में तेन्दूपत्ता तोड़ने के दौरान दो घटना घट गई है। पहली घटना में डोकाल निवासी महिला को हाथी ने कुचलकर मार डाला था। वहीं दूसरी घटना में नीलगाय के टकराने से महिला घायल हो गई है।

## राजमानस संघ की कार्यकारिणी बैठक आज

**धमतरी।** श्री राजमानस संघ की कार्यकारिणी बैठक 4 मई शनिवार को गोकुलपुर सत्संग भवन में प्रातः 11 बजे रखी गई है। संघ के अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी एवं प्रवक्ता डॉ. भूषण चंद्राकर ने बताया कि बैठक का मुख्य बिंदु संघ के वार्षिक उत्सव के लिए स्थल चयन एवं तिथि तय करनी है। सचिव डॉ. जेएल देवांगन, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू ने उपस्थिति की अपील की है।

# मात्र आठ हजार के लिए लगा रहे जान की बाजी



**धमतरी।** एक समय में विद्युत विभाग सब स्टेशन आपरेटरों को सवा लाख रुपए तक वेतन देता था। आज सब स्टेशन आपरेटर संविदा पर काम कर रहे हैं। उन्हें मात्र 8 से 9 हजार रुपए ही वेतन दिया जा रहा है। ठेका कर्मचारी लंबे समय वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

विद्युत विभाग ने सब स्टेशन को आपरेट करने का काम ठेका पर दे दिया है। यहां पर ठेकेदार द्वारा आपरेटरों को काफी कम वेतन देकर काम करवाया जा रहा है। पहले यही काम विद्युत विभाग के कर्मचारी करते थे, तब उन्हें 1 लाख रुपए से ज्यादा वेतन दिया जाता था। आज ठेका कर्मचारी नाममात्र वेतन में अपनी जान की बाजी लगा रहे हैं। ठेका कर्मचारियों ने बताया कि विगत 15 वर्षों से वे ठेका प्रथा में विद्युत विभाग सबस्टेशन ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने पिछले विस चुनाव के वक्त ठेका प्रथा को बंद कर ठेका कर्मचारियों को विद्युत विभाग में समायोजित करने का वादा किया था परंतु आज तक उन्होंने वादा नहीं निभाया। उल्टे नए-नए ठेकेदारों को विभाग में ठेका देकर कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।




## खबर संक्षेप

### बैंक खाते से रुपए उड़ाने ठग गिरोह सक्रिय

**बचेली।** जिला दंतेवाड़ा के कुछ क्षेत्रों में दो व्यक्ति के द्वारा बायोमेट्रिक डिवाइस लेकर पीएमएवायजी के हितग्राहियों से संपर्क कर स्वयं को जिले के वरिष्ठ कार्यालय से सर्वे या अन्य कार्य से भेजा जाना बताकर उनके बैंक खाते से धोखाधड़ी कर राशि निकालने का कार्य किया जा रहा है। पुलिस ने कहा उपरोक्त के संबंध में थाना किरन्दुल क्षेत्र के लोगों को स्पष्ट रूप से अवगत हो कि जिले के वरिष्ठ कार्यालयों से किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को उक्त कार्य के लिए आदेशित निर्देशित नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, जागरूक जनता ऐसे लोगों के विषय समस्त ग्रामवासी, हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से इसकी जानकारी दें। पुलिस ने कहा यदि इस प्रकार की कोई बात सामने आती है या कुछ लोग ऐसा करते पाये जाते हैं तो तत्काल किरन्दुल पुलिस को इसकी जानकारी देवें।

### शतरंज शिविर 5 से

**जगदलपुर।** शतरंज सीखने वाले बच्चों के लिए जिला शतरंज संघ बस्तर एक समर कैम्प का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन इंदिरा स्टेडियम के शतरंज क्लब में किया जाएगा। शिविर का समय संध्या 5 से 6.30 के मध्य होगा। इस प्रशिक्षण में 100 रुपए शुल्क लगेगा। बच्चों को अपने-अपने चेस बोर्ड और गोटियां लेकर आना जरूरी है। जो बच्चे शतरंज सीखने के इच्छुक हैं वे 5 मई को शाम 5 बजे इंदिरा स्टेडियम जगदलपुर में उपस्थित होवें। इस दौरान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और अंतिम दिन पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। समर कैम्प 15 दिनों का रहेगा। सभी आयु के बच्चे इसमें शामिल हो सकते हैं। कैम्प का आयोजन शतरंज को बढ़ावा देने और बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए किया जा रहा है।

### बंडा के साथ लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**जगदलपुर।** धारदार हथियार बडां लेकर अपने ही परिवार व आने जाने वालों को डराते हुए दहशत फैलाने वाले आरोपी को शुक्रवार को हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक धारदार बंडा दिखाकर परिवार वालों एवं आम लोगों को डराते धमकाते हुए दहशत फैला रहा है। सूचना पर एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी रोनित माहरा उम्र 18 साल 6 माह निवासी कुम्हारपारा को पकड़ा गया। आरोपी कुम्हारपारा गुरु घासीदास वार्ड में लोहे का धारदार हथियार बंडा अपने कब्जे में रखकर लहराते हुए परिवार वालों एवं आम नागरिकों को डरा धमका रहा था।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति प्राप्त करें। पहले दिन से ही लाभ
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

कलेक्टर ने वीसी के जरिये नोडल अधिकारियों से की चर्चा, दिए आवश्यक निर्देश

# छात्रों को डिप्रेशन से बचाने पालक-शिक्षक संवाद आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




हर साल 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाते हैं और कम अंक अथवा असफल विद्यार्थी डिप्रेशन में चले जाते हैं। आगामी दिनों में घोषित होने वाले दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों के दौरान विद्यार्थियों को डिप्रेशन में जाने से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले के शासकीय और निजी स्कूलों के बच्चों के पालक-शिक्षक संवाद (पीटीएम) का आयोजन 4 मई को किया जायेगा।

कलेक्टर ने इसकी तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों से वीडियो कॉफ्रेंन्सिंग के माध्यम से आवश्क दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी, शिक्षक व पालक उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हों, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परिणाम घोषित होते ही बच्चों की सूची जारी की जाये, ताकि बच्चे किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दें। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा वीडियो पोस्टर आदि तैयार किया गया है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि पालक-बालक दो अलग कमरों में बैठेंगे, ताकि उनके मन की बात समझी जा सके और आवश्यक जानकारी मिल सके। इसके लिए चिकित्सक की भी नियुक्ति की गई है, जो कि एक माह तक बच्चे की मानसिक स्थिति का ध्यान रखेंगे।

# पीड़ितों ने एसपी से मांगा न्याय

■ अंवरी में हुई थी मारपीट की घटना, सरपंच ने परिवार के साथ मिलकर दिखाई थी दबंगई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी


फाइल फोटो

बीते फरवरी माह में सरपंच व उसके परिजनों ने एक ग्रामीण परिवार से मारपीट की थी। अभी तक उचित कार्रवाई नहीं होने से दुखी पीड़ित परिवार ने एसपी को मामले की निष्पक्ष जांच कराने आवेदन दिया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम अंवरी के सरपंच के भाई विष्णुराम साहू एवं उसके बेटे प्रकाश साहू 24 फरवरी को भुनेश्वर साहू के घर की दीवार से लगाकर विद्युत पोल गड़ाने के लिए गड्ढा खुदवा रहे थे। यह देख भुनेश्वर व उसके परिवारजनों द्वारा आपत्ति करने पर पिता-पुत्र ने मिलकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। बीच बचाव करने आए भुनेश्वर के पुत्र थानेश्वर साहू व ईश्वर साहू के साथ भी मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। पीड़ित भुनेश्वर ने शुक्रवार को एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि घटना के दूसरे दिन पुलिस मौके पर पहुंच विद्युत पोल गड़ाने के लिए जगह चिन्हांकित कर दोनों पक्षों को समझाकर वापस चली गई जिसके बाद हम सभी घर के भीतर आ गए। भुनेश्वर ने आगे बताया कि तभी गांव के सरपंच पुनेश्वर साहू, विष्णुराम, दसेश्वर, राजेश, वेदप्रकाश, योगेश्वर, चुम्मन व योगेश ने हमारे घर के दरवाजे पर फिर गाली-गलौज की। वहीं पत्नी तुलेश्वरी का हाथ पकड़कर खींचने लगा। आवाज सुनकर बाहर निकलने पर सरपंच व उसके परिवार के लोग एकराय होकर जान से मारने की नीयत से उस पर जानलेवा हमला किया। इस हमले में उसे व पुत्र थानेश्वर, भतीजा उदयप्रताप, भाई पोषणलाल को चोट आई है जिसका कुरूद अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। चोट की गंभीरता को देखते हुए रिफर किए जाने पर जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। घायलों का अस्पताल में भर्ती होने के कारण भाई पोषणलाल ने बिरेझर चौकी में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन चौकी द्वारा बड़ी कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जिसके कारण हमारा परिवार भयभीत है। भुनेश्वर व पीड़ितों ने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय से आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर अश्लील गाली-गलौज देने व तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी देकर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# न्यायाधीश ने जिला जेल में सुनीं बंदियों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश केएल चरयाणी ने जिला जेल धमतरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल के सभी बैरकों एवं विभागों में जाकर बंदियों की समस्याएं सुनीं। कुछ बंदियों ने अपने प्रकरण के संबंध में पूछा। उनके प्रकरणों पर जल्द से जल्द निराकरण किये जाने से अवगत कराया गया। बंदियों से स्वास्थ्य संबंधी एवं खानपान पर जानकारी ली गई। बंदियों को वर्तमान में बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए संतुलित आहार और नियमानुसार आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के सचिव, जेलर एवं जेल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# उद्यानिकी छात्रों ने किसानों को सॉइल ड्रेंचिंग की दी जानकारी

■ प्रदर्शनी के माध्यम से बीजोपचार की विधियां भी बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




केएल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिक कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत ग्राम पोटियाडीह कबीर ब्रम्हाचारिणी आश्रम में किसानों को मिट्टी भिगाना (सॉइल ड्रेंचिंग), मिट्टी में लगे छोटे-छोटे कवक, बैक्टीरिया, फफूंद इत्यादि को मिट्टी में अटैक करने से कैसे रोका जाता है एवं छोटे- छोटे प्लांट को फंगस किस प्रकार से हानि पहुंचाता है, उसकी रोकथाम से किसानों को अवगत कराया । छात्रों ने बताया कि नए प्लांट लगाने से पहले मिट्टी में उपस्थित जीवाणुओं को कैसे कंट्रोल किया जाता है । इस बारे में भी प्रदर्शनी के माध्यम से अवगत कराया गया। बीजोपचार की विधियां भी बताई गई। प्रदर्शन संचालन चतुर्थ वर्ष के ग्रुप सी द्वारा किया गया।

यह जानकारी ग्रुप लीडर प्रमोद यादव तथा ग्रुप के अन्य सदस्य सचिन गिर्रे, नेहा पटेल, मोनेश, निलेश गौर, कुणाल साहू, सुनील, जोशी, प्रांजल साहू ने दी।

इस अवसर पर गांव के कृषक आनंदराम पटेल, संतराम धीवर, राजूराम उईके, केके देवांगन , गजानंद साहू, डीके पटेल एवं कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम के साहेब संतुष्टि, सुप्रभा, समष्टि की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश पांडे एवं विषय शिक्षक गीतेश्वर पाठक ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

# करगा स्कूल में 9वीं एवं 11वीं का रिजल्ट घोषित


पायल साहू | भुनेश्वरी साहू | खुशी साहू | पूजा देवांगन | कोमल कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9वीं में प्रथम पायल 91.5 प्रतिशत , द्वितीय भुनेश्वरी 87.67 प्रतिशत, तृतीय खुशी 86 प्रतिशत रही। कक्षा 11 वीं में प्रथम खिलेश्वर लहरी 94.4 प्रतिशत, द्वितीय पूजा 91.4 प्रतिशत, तृतीय कोमल कुमार 90 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर सभी टॉपर्स एवं कक्षा 9वीं, 11वीं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। प्राचार्य बीबी साहू, शिक्षक एलके साहू, एनके साहू, एसके श्रीवास, एमके साहू, श्रीमती वाय. देवांगन, श्रीमती आर. पांडेय, श्रीमती के. पटेल, श्रीमती एसडी मिश्रा, पीएम, बी. साहू, ए. कौशिक ने सफल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी प्राचार्य बीबी साहू ने दी।

# मोदी सरकार में बढ़ा नारी शक्तियों का मान

■ पूर्व विधायक रंजना ने रायपुर लोस चुनाव के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन के लिए मांगा वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू ने रायपुर लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को विजयश्री दिलाने के लिए भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने सिमगा मण्डल के तहत कंकालीन पारा वार्ड क्रमांक 13, कड़कापारा वार्ड क्रमांक 8, फोकटपारा वार्ड, संत मां कर्मा एवं बलभद्र वार्ड, ग्राम दामाखेड़ा, ग्राम औरेठी, ग्राम ढेकुना, ग्राम लिमतरा, संजारी नवागांव, ग्राम करहुल में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बोल लड़की हूं, लड़ सकती हूं सिर्फ जमुलाबाजी है। कांग्रेस द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के अनेक मामले आए हैं। कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर रही राधिका खेड़ा के साथ दुर्व्यहार किया गया। कांग्रेस महिलाओं का सम्मान बढ़ाने के लिए सिर्फ दिखावे की राजनीति करती है। जहां महिलाओं का सम्मान नहीं होता हैं, वहां महिलाएं सुरक्षित कैसी रहेंगी। आगे कहा कि मोदी सरकार ने नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने मातृशक्तियों से मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की बात कही।

## अंचल की खबरें

### जांजगीर चांपा में विधायक ओंकार ने किया जनसंपर्क



**धमतरी।** लोकसभा चुनाव को लेकर जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के जैजेपुर विधानसभा प्रभारी धमतरी विधायक ओंकार साहू ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया को विजयी बनाने ग्राम अमलीडीह, छापर, मुड़पार में डोर टू डोर सघन जनसंपर्क किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में कभी भी विकास के मुद्दों पर चुनाव नहीं लड़ा। प्रधानमंत्री सहित पूरे भारतीय जनता पार्टी के नेता देश में धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं। आज पीएम अपने कार्यों पर वोट मांगना छोड़ हिंदू, मुस्लिम, पाकिस्तान का डर दिखाकर वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस नारी न्याय, किसान न्याय, युवा न्याय सहित देश को मजबूत बनाने की बात कर रही है तो हमारे प्रधानमंत्री आज भी धर्म और जाति के नाम पर देश को लड़ाने की बात कर रहे हैं। आज देश के युवा को रोजगार चाहिए। जनता को बढ़ती महंगाई पर लगाम चाहिए।

### हर बूथ को जिताना हमारा लक्ष्य : श्रवण



■ पूर्व विधायक ने पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में किया प्रचार-प्रसार

**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में पाली- तानाखार विधानसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने मण्डल चैतमा के पांच शक्ति केंद्र गोपालपुर, चैतमा, इरफ, केराकछार और मदनपुर की संयुक्त बैठक ग्राम चैतमा में ली। शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष को सम्बोधित करते हुए श्री मरकाम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए हमें एक-एक वोट की चिंता करनी है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने बूथ में टीम बनाकर मोदी की गारंटी को घर-घर पहुंचाएंगे तो हमारी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को प्रचण्ड मतों से विजयी दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस अवसर पर विधानसभा सहसंयोजक चिंटू राजपाल, मंडल अध्यक्ष कृष्णा यादव, मंडल महामंत्री द्वय जय प्रकाश प्रजापति, कन्हैया यदु, नगरी मंडल महामंत्री हृदय साहू, शक्ति केन्द्र प्रभारी सुकालुराम प्रजापति, मंडल कोषाध्यक्ष शीतल शर्मा, डा.लक्ष्मीनारायण जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जपं उपाध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया प्रचार



**नगरी।** प्रदेश भाजपा संगठन निर्देश पर नगरी जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता ने कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के पक्ष में बैकुंठपुर विधानसभा में प्रचार किया। पटना मंडल के कई ग्रामों का दौरा किया। पटना में गिरधारी लाल जायसवाल से मुलाकात की। इसके बाद जनपद सदस्य रमाशंकर साहू, शक्ति केन्द्र संयोजक संतलाल साहू, गौरगुड़ा बूथ अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, औरापारा बूथ अध्यक्ष श्याम साहू, तेन्दुआ के अध्यक्ष हीरालाल रजवाड़े से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मौके पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक शिवधरम गुड़े, डौण्डी लोहारा के पूर्व जनपद सदस्य ठाकुरराम सार्वा,कुलेश साहू, बूथ अध्यक्ष धनेश्वर रजवाड़े, टापेश्वर रजवाड़े, इतवारी रजवाड़े सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस प्रवास कार्यक्रम की सफलता के लिए उन्होंने पटना के मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, महामंत्री श्रीराम रजवाड़े का आभार व्यक्त किया।


### कटघोरा विधानसभा पहुंचे भाजपा जिला मंत्री



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा कटघोरा विधानसभा पहुंचे। उन्होंने छग शासन के मंत्री लखन देवांगन, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के साथ अमित शाह के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया।

Pride of Dhamtari


मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं किडनी रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ अक्षय बैद | डॉ करण सराफ | डॉ आशु जैन |
|---|---|---|
| MS,MCh, Neurosurgeon | MD,DM Nephrologist | MS,MCh, Neurosurgeon |
| ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | किडनी रोग विशेषज्ञ | ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ |
| 03 व 17 मई 2024 शुक्रवार | 07 मई 2024 शुक्रवार | 10 मई 2024 शुक्रवार |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

एसडीएम की अध्यक्षता में जपं में खाद वितरण को लेकर हुई बैठक

# कृषकों को धान बुआई के पूर्व खाद वितरण का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा




कृषकों को धान बुआई के पूर्व खाद वितरण करने एवं सहकारी समितियों में खाद की पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने के संबंध में पवन कुमार प्रेमी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) की अध्यक्षता में जनपद पंचायत नगरी के सभा कक्ष में बैठक रखी गई।

कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित बैठक में जिला सहकारी बैंक शाखा नगरी अंतर्गत 10 सहकारी समितियों के 14 खाद भण्डारण केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद के भंडारण के लिए रिलीज आर्डर गोदाम क्षमता के आधार पर जारी करवाने, कृषकों को त्वरित गति से खाद वितरण कर पंजीकृत कृषकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य 15 मई 2024 निर्धारित किया गया है। तहसीलदार नगरी केतन भोयर ने समिति प्रबंधकों से कहा कि समिति के किसानों को धान बुआई के पूर्व खाद का भंडारण करने के लिये प्रेरित करें। साथ ही प्रतिदिन कम से कम 20 कृषकों को खाद वितरण करें। नेमीचंद देव सीईओ सहकारिता ने बताया कि कृषकों को समिति में आकर समय पूर्व साख सीमा अंतर्गत ऋण प्रकरण बनवाना होगा जिससे कृषकों को खाद वितरण के लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में की जा सकेगी।

इस अवसर पर निलेश चंद्राकर, खाद्य निरीक्षक युगेश्वर साहू, पर्यवेक्षक एवं सहकारी समितियों के समिति प्रबंधक वासुदेव साहू नगरी, राजेश यदु सिहावा, जीवन साहू सांकरा, यशु सोनी घटुला, धर्मेंद्र ठाकुर फरसियां, जुम्मन मंडावी गट्टासिल्ली, भानेन्द्र साहू, नारायण नागेश, अजय साहू, कमल नारायण, लोकेश उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पैसेंजर ट्रेन के देर से चलने से यात्री परेशान



**जगदलपुर।** विशाखापटनम-जगदलपुर पैसेंजर ट्रेन के अपने निर्धारित गंतव्य स्थल पर देरी से पहुंचने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को निर्धारित समय सुबह 6.45 बजे छूटने की बजाय सवा 9 बजे करीब ढाई घण्टा देर से रवाना हुई। यात्रियों ने मोबाइल से इसकी जानकारी दी। यात्री डब्बू ने बताया कि लंबी दूरी की यात्रा करने ट्रेन आरामदायक जरिया है। ट्रेन में अधिकांश मरीज परिजनों के साथ विशाखापटनम से जगदलपुर आना-जाना करते हैं। ट्रेन में सफर कर रहे ओडिशा जैपुर के यात्री रमेश भट्ट मिश्र ने बताया पैसेंजर ट्रेन प्रायः विशाखापटनम से कभी आधा घण्टा कभी एक घण्टे तो कभी 2 से ढाई घण्टे विलम्ब से छूटती है। स्टेशन में इसकी शिकायत करने पर संचालन संबंधी समस्या बताकर जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते है। यह समस्या प्रतिदिन की है। कोरापुट के विश्वनाथ प्रहराज ने कहा पैसेंजर ट्रेन को अगले स्टेशन सिंहाचलम में घण्टों खड़ा कर दिया जाता है। सिंग्नल देने के चक्कर मे पैसेंजर के खड़ी होने से यात्रियों को परेशानी होती है। स्लीपर और जरनल बोगी में यात्रा करने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### जांच की जाएगी, पुराने पुल पर आवागमन तीन दिनों तक बंद



**जगदलपुर।** शहर से ओड़िशा रोड में आड़ावाल से पहले गोरियाबहार नाला में लगभग 37 वर्ष पूर्व पुल बना, जो यातायात बढ़ने से लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से बाजू में ही नया पुल का निर्माण किया गया। हालांकि वर्तमान में नया एवं पुराना पुल में यातायात शुरू कर दिया गया है, पर पुराना पुल की जांच के लिए नीट के इंजीनियर रायपुर से पहुंच रहे हैं। इंजीनियरों की टीम 8 मई से गोरियाबहार नाला के पुराना पुल की मजबूती आदि की जांच करेंगे, जिससे पुराने पुल में 3 दिनों तक यातायात बंद रहेगा।

रिपोर्ट के बाद होगा आवगमन

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू ने बताया कि इंजीनियरों की टीम जांच एवं रिपोर्ट के बाद तय होगा गोरियाबहार नाला के पुराने पुल पर यातायात शुरू होगा या बंद किया जाएगा।

### 2225 वाहनों पर 9.50 करोड़ का टैक्स बकाया, आरटीओ करेगा कुर्की

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में पहली बार परिवहन विभाग वाहनों पर टैक्स बकाया के लिए कुर्की की तैयारी की जा रही है। इसके लिए मालिकों के वाहनों एवं चल, अचल संपत्ति ब्यौरा ले रहे हैं। परिवहन विभाग के आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम बस्तर के 2225 वाहनों पर 9.50 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया वसूली में जुटे हैं। इसकी वसूली के लिए आरटीओ ने बकायादार वाहन मालिकों को नोटिस देकर बकाया का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान नहीं देने पर दूसरी नोटिस दी जाएगी, उसके बाद तीसरी बार नोटिस के साथ वाहन की कुर्की की जाएगी। जिस टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। आरटीओ बकायादार मालिकों की वाहन एवं राजस्व विभाग से चल, अचल संपत्ति का जानकारी ले रहे हैं।

**आरटीओ में हो रहा प्रशासनिक कार्यः** आरटीओ कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर को आरटीओ का प्रभार होने से आरटीओ का कार्य प्रशासनिक तरीके से किया जा रहा है। हालांकि परिवहन विभाग का ज्यादातर कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है, जिससे वाहन मालिकों एवं चालकों को कार्यालय में पहुंचने की जरूरत नहीं हो रही है।

30 प्रतिशत वाहन खटारा और कंडम होने के बाद भी सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे

# वाहनों के काले धुएं से शहर में वायु प्रदूषण का ग्राफ लगातार बढ़ रहा



### शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव : एसके मंडल

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसके मंडल ने बताया कि वायु प्रदूषण से खांसी, सिर दर्द, जी मचलना, घबराहट, आंखों में जलन, दिल से संबंधित बीमारी, दिमाग की नसों में अकड़न, फेफड़े, हृदय, गुर्दे, रक्त पर बुरा प्रभाव डालता है। फेफड़े के कैंसर और दमा जैसी बीमारियों का मूल कारण वायु प्रदूषण ही है। धुएं के कारण सांस में तकलीफ, अस्थमा, फेफड़े में संक्रमण की समस्या बढ़ जाती है। त्वचा रोग इसका सबसे बड़ा कारक है।

### जीव जंतुओं पर भी दुष्प्रभाव : प्रो. राकेश

पीजी कॉलेज के रसायन शास्त्र के प्रो. डॉ. राकेश साहू का कहना है कि कार्बन मोनोऑक्साइड, बिना जले हाईड्रोकार्बन यौगिक, नाइट्रोजन के ऑक्साइड, कज्जल, सीसा, एल्डीहाइड आदि वाहनों की आंतरिक दहन क्रिया के फलस्वरूप उत्सर्जित होते हैं। इसका दुष्प्रभाव मनुष्यों के साथ जीव जंतुओं, पेड़ पौधों, भूमि, भवन आदि पर पड़ता है। मानव शरीर को काफी नुकसान होता है।

### खटारा व पुराने वाहनों पर कार्रवाई : ए. मुजाहिद

परिवहन अधिकारी ए. मुजाहिद ने कहा कि शहर में दौड़ रहे खटारा व पुराने वाहनों से ज्यादा धुएं निकल रहे हैं। ऐसे वाहनों पर उनकी टीम कार्रवाई कर रही है। ऐसे वाहनों को सड़क से मुक्त कर कंडम घोषित किया जा रहा है। उनकी टीम जिले के विभिन्न स्थानों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। सभी वाहनों को प्रदूषणमापी गैजेट से चेक किया जाता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में तेजी से बढ़ रही वाहनों की संख्या के कारण धमतरी की सूरत बिगड़ती जा रही है। वाहनों से निकलने वाला काला धुआं पर्यावरण प्रदूषण का कारण बन रहा है। शहर के मुख्य मार्गों में वाहनों की लंबी कतारें और इनके साइलेंसरों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण फैलाकर बीमारियों को न्योता दे रहा है। वायु प्रदूषण से वातावरण असंतुलित हो रहा है। खासकर खटारा वाहनों से निकलने वाला काला धुआं सबसे ज्यादा घातक है। शहर को प्रदूषण मुक्त रखने, इको फ्रेंडली बनाने ठोस कदम नहीं उठाना लोगों की मुसीबतों को बढ़ा रहा है। लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हर वर्ष हजारों वाहन ट्रेफिक से जुड़ते जा रहे हैं। खटारा व एक्सपायर हो चुके वाहनों को सड़क से मुक्त नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। जानकारी के मुताबिक 30 प्रतिशत वाहन ऐसे हैं जो खटारा हो गए हैं। ऐसे वाहनों से प्रदूषण का ग्राफ हर साल बढ़ता ही जा रहा है। विश्व में 5 जून को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है लेकिन स्थानीय प्रशासन, संबंधित विभाग, एनजीओ, सामाजिक संस्था समस्या से निपटने कोई प्रयास नहीं कर रहा है। वाहनों से उत्सर्जित प्रदूषणकारी तत्वों से वायु मंडल तथा उसमें उपस्थित सभी जीव के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## कांग्रेस की सरकार बनी तो गरीब महिलाओं को दिए जायेंगे प्रतिमाह 8333 रुपये : तारिणी



- कांग्रेस नेत्री ने बिलासपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मुंगेली में किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

बिलासपुर लोकसभा की मुंगेली विधानसभा के भठलीकला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र यादव की उपस्थिति में सभा का आयोजन किया गया जहां कांग्रेस नेत्री तारिणी चंद्राकर बतौर प्रभारी सभा को संबोधित कर कांग्रेस की पांच गारंटी योजना से आमजन को अवगत कराया। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि मोदी के दस साल के शासनकाल में देश की जनता को गरीबी की तरफ धकेला गया। युवाओं को बेरोजगार करने का काम मोदी की सरकार ने किया है। यदि कांग्रेस की सरकार बनी तो महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब महिलाओं को 8333 रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। प्रत्येक वर्ष बेरोजगारों को 30 लाख नौकरी दी जाएगी। मनरेगा में 400 रुपये प्रतिदिन रोजी दी जाएगी। उन्होंने बिलासपुर के बिल्हा, तखतपुर, लोरमी, कोटा और बेलतरा में लगातार जनसंपर्क कर समाज प्रमुखों और वरिष्ठों से मुलाकात कर कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव को जीत दिलाने की अपील की। उनके साथ पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, पूर्व प्रत्याशी राजेन्द्र शुक्ला, पूर्व कुरुद मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर भी जनसंपर्क कर रहे हैं।

# प्रमाणित बीजों के दाम में 25 फीसदी तक वृद्धि

## मिलेट बीज के दाम में आई कमी, रागी 4600 से घटकर 3400 हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग राज्य बीज एवं कृषि विकास विभाग ने खरीफ 2024 के लिए प्रमाणित बीजों की दर निर्धारित की है। गत वर्ष की तुलना में प्रमाणित अनाज, दलहन, तिलहन के दाम में 12 से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। इस साल कुटकी और कुल्थी बीज की दर का भी निर्धारण किया गया है।

बीज निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक 9 अप्रैल को आयोजित की गई जिसमें अनाज, दलहन, तिलहन तथा पशुचारा बीज के 15 किस्म की दर का निर्धारण किया गया है। गत वर्ष की तुलना में प्रमाणित बीजों में 600 रूपए से 4600 रुपए तक प्रति क्विंटल वृद्धि की गई है। वहीं रागी के बीज के दाम 800 रुपए क्विंटल कम किए गए हैं। अरहर के दाम यथावत तथा कुल्थी बीज को शामिल किया गया है।

प्रमाणित बीजों में धान मोटा 2023 में 2800 रुपए क्विंटल था जिसे बढ़ाकर 2024 में 3400 रुपये क्विंटल कर दिया गया है। धान पतला 3000 से 3900 रुपए, सुगंधित धान 3400 से बढ़कर 4500 रुपए, कोदो 6000 से 7200 रुपए किया गया है। दलहन में अरहर यथावत 8400 रूपए, उड़द 10250 से 12500, मूंग 10100 से 11200 रूपए हुआ है। तिलहन में सोयाबीन 8100 से 8200 रुपए, मूंगफल्ली 9500 से 11900 रूपए, तिल 14700 से 19300 रुपए, रामतिल 11050 से 13000 रुपए व पशु चारा के उपयोग में आने वाले ढेंचा 8350 से 9900 रुपए, सनई 7800 से 11600 रूपए निर्धारित किया गया है।



### रागी का दाम घटा, कुटकी तथा कुल्थी बीज शामिल

सन 2023 में कुटकी तथा कुल्थी के प्रमाणित बीजों को निगम ने शामिल नहीं किया था। इस साल मिलेट फसल को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। कुटकी का बीज प्रति क्विंटल 4700 रूपये रखा गया है। रागी बीज का दाम 4600 रूपए से घटाकर 3400 रुपए किया गया है। कुल्थी का दाम 7600 रुपए क्विंटल तय किया गया है।

# भारतमाला सड़क के श्रमिकों को चार माह से नहीं मिली मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- मजदूरों ने श्रम पदाधिकारी से राशि दिलाने की मांग की

भारतमाला 6 लेन सड़क निर्माण में मजदूरों को पैसा दिए बिना पेटी ठेकेदार के फरार होने की शिकायत हुई है। शुक्रवार को ग्राम भरदा कुरूद निवासी मनीराम, रूपेश, त्रिलोक, धनेंद्र ने श्रम पदाधिकारी के नाम लिखित शिकायत में कहा है कि विशाखापटनम रोड अभनपुर से सिवनी तक 21 प्लस 300 सड़क निर्माण कार्य में 7 मजदूरों ने चार माह काम किया है जिसका ठेका कलकत्ता निवासी एसकेएस सरकार ने लिया था। उनके दो लाख रुपए की मेहनताना बाकी है। फोन करने पर उक्त ठेकेदार फोन रिसीव नहीं करता है। ठेकेदार तथा फोरमेन दोनों नदारद हैं। मजदूरों ने श्रम पदाधिकारी से मजदूरी राशि दिलाने की मांग की है।



# फल, सब्जी, पेड़-पौधों में लगे फफूंद को नष्ट करने बोर्डो मिक्सचर का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



केएल उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत परेवाडीह (देमार) में किसानों को बोर्डो मिक्सचर के उपयोग के बारे में बताया। बोर्डो मिक्सचर नीला थोथा और अनबुझा चूना के घोल से तैयार किया जाता है। इसका उपयोग अंगूर के बागों, फलों के खेतों और बगीचों में डाउनी फफूंदी, पाउडरी फफूंदी और अन्य कवक के संक्रमण को रोकने के लिए किया जाता है। छात्र-छात्राओं ने गांव वालों के समक्ष चूना और नीला थोथा का घोल बनाकर प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को अवगत कराया कि किस प्रकार से फल, सब्जी, पेड़-पौधों में लगे फफूंद, कवक को बोर्डो मिक्सचर के माध्यम से नियंत्रण किया जाता है। किसान इस सरल विधि को जानकर खुश हुए। किसान लीलेश्वर ने कहा कि यह विधि सरल विधि है। हम इसका उपयोग अपने घरों में पेड़ पौधों में लगे कवक, फफूंद में नियंत्रण के लिए करेंगे।

ग्रुप लीडर प्रमोद यादव एवं अन्य सदस्य निलेश गौर, सचिन गिरे, नेहा पटेल, मोनेष खरे, कुनाल साहू, मोहित साहू, सुनील जोशी, प्रांजल साहू थे। इस अवसर पर कृषक उदयराम साहू, बालाराम साहू, गणेश जोशी, देवरथ साहू, कोमल यादव, केदार साहू, सावित्री बाई साहू, मोलेश साहू, सोमेंद्र उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश पांडे एवं विषय शिक्षक गीतेश्वर पाठक, श्री प्रियदर्शी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## प्रीतेश ने मोदी की जन्मभूमि गुजरात में किया प्रचार

# मोदी और शाह ने सनातन धर्म की डोर से पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का संसदीय क्षेत्र पोरबंदर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अनेक स्मृतियों से जुड़ी हुआ है। पोरबंदर लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ प्रीतेश गांधी ने चुनाव प्रचार किया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के चुनाव संपन्न होने के पश्चात गुजराती समाज का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों गुजरात प्रवास पर है जिसका नेतृत्व प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ कर रहा है। इससे



पूर्व भगवान द्वारकाधीश की विशेष पूजा-अर्चना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ अबकी बार 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार के आह्वान के साथ पूरे विधि-विधान से की गई। इसके बाद प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि एवं प्रारंभिक कर्मभूमि में चुनाव प्रचार कर विकसित भारत 2047 के संकल्प तथा राष्ट्र के उत्थान हेतु अपना योगदान देना सौभाग्य का विषय है।

यही वह भूमि है जिसने मोदी और शाह की जोड़ी के माध्यम से सनातन की डोर से पूरे भारत देश को एकता के सूत्र में बांधते हुए राजनीति को धर्म द्वारा दिशा देने की पुरातन कालीन परंपरा का निर्वाह कर फिर से भारत को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर कर दिया है।

# योगिता को मिला बेस्ट छात्रा का पुरस्कार

### बिरेतरा स्कूल में परीक्षा परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



माध्यमिक शाला बिरेतरा में परीक्षाफल घोषित किया गया साथ ही कक्षा 7 वीं के छात्रों द्वारा कक्षा 8 वीं के छात्रों को ससम्मान विदाई दी गई। बेस्ट छात्रा का पुरस्कार योगिता साहू एवं उप बेस्ट छात्रा का पुरस्कार वीणा पटेल को दिया गया। न्योता भोज का भी कार्यक्रम हुआ जिसमें छात्र छात्राओं को भजिया, मिक्चर एवं मिठाई खिलाई गई। यह कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ढालेश्वर साहू, उपाध्यक्ष डिकनेश्वर साहू के सहयोग से किया गया था। कक्षा 6वीं व कक्षा 7 वीं के छात्रों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती उषा साहू, जिला साहू संघ महामंत्री राजेंद्र साहू, सेवकराम साहू, चिन्ताराम साहू, कौशल तारक, टालसिंह, श्रीमती सुरुचि साहू, श्रीमती कुसुमलता तारक, संस्था के प्रधानपाठक केके साहू, शिक्षक डीके सिन्हा, वायएल ध्रुव, एसके सेन, नेतेश्वर साहू, श्रीमती यमुना साहू, श्रीमती गायत्री विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# सर्वोदय इंग्लिश स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा प्राचार्य श्रीमती तारा सिन्हा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अमरसिंह साहू थे। अध्यक्षता तारा सिन्हा प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि जुनैद अहमद थे। इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही वर्षभर विद्यालय में कक्षावार उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान, शाला के सर्वश्रेष्ठ 3 पुरस्कार एवं श्रेष्ठ प्रतिभा सम्मान पुरस्कार से प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे खेल, चित्रकारी, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस, एनसीसी, एनएसएस, नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी हैं।

# शहर का एक और आदतन अपराधी हुआ जिलाबदर

### जिला दण्डाधिकारी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शहर के एक और आदतन अपराधी पर जिला दण्डाधिकारी ने जिलाबदर की कार्रवाई की है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी शिवा नायक पिता अर्जुन नायक उम्र 25 वर्ष ओड़ियापारा पोस्ट आफिस वार्ड धमतरी थाना सिटी कोतवाली निवासी को 6 माह के लिए जिलाबदर कर दिया है। इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा दो अन्य आदतन बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई के लिए कलेक्टर कार्यालय से प्रतिवेदन भेजा गया है जो प्रक्रियाधीन है। शिवा नायक के खिलाफ बीते कुछ वर्षों से लगातार मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, आर्म्स एक्ट के कई अपराध दर्ज है। जिला दंडाधिकारी ने शिवा नायक पिता अर्जुन को 1 मई 2024 से आगामी 6 माह के लिए धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग व कोंडागांव की सीमाओं से हट जाने जिलाबदर का आदेश दिया गया है।



Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# उपेक्षित, पिछड़े लोगों के लिए काम कर रही 'प्रयोग'

## संस्था के स्टेट कोआर्डिनेटर भारत भूषण ठाकुर ने ली प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



समाजसेवी संस्था प्रयोग के स्टेट को-आर्डिनेटर भारत भूषण ठाकुर अपने धमतरी प्रवास के दौरान शुक्रवार को एक निजी होटल में पत्रकारों को बताया कि उनकी संस्था पिछले 40 वर्षों से भारत के विभिन्न राज्यों में जन अपेक्षाओं की मंशा के अनुरूप जरूरतमंदों, उपेक्षित, पिछड़े लोगों के अलावा जल, जंगल और जमीन से संबंधित योजनाओं पर सेवारत है। पलायन से संबंधित समस्या पर खास फोकस कर रही है ताकि लोग अपने गांव और शहर में रहकर रोजगार प्राप्त कर सके। इसके लिए संस्था के स्वयंसेवी कार्यकर्ता गांवों में जाकर सर्वे कर रहे हैं।

डाटा एकत्रित होने पर योजनाओं पर अमल किया जाएगा। लोगों को रोजगार के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है। इस परियोजना का शुभारंभ छग के तीन जिलों में किया गया है, जिसमें धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद शामिल है। यहां के श्रमिक परिवारों एवं युवाओं को मोटिवेट कर पलायन को रोकने भरपूर कोशिश की जा रही है। गांवों में बैठक लेकर रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम, स्वरोजगार योजना, केन्द्र सरकार की नरेगा के बारे में जानकारी दी जा रही है। धमतरी जिले के नगरी वनांचल के दर्जनों गांवों से लगभग 3500 परिवार छग के दूसरे राज्यों में पलायन कर चुके हैं जो साल में एक बार घर आते हैं। उन्हें मोटिवेट कर रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा ताकि वे अपने गांव में ही रोजगार प्राप्त कर सकें।

श्री ठाकुर ने बताया कि इसके अलावा उनकी संस्था असंगठित क्षेत्रों के मजदूर, बेरोजगार, सीमांत, कृषक, महिलाएं, महिला समूह, अर्धकुशल श्रमिक, कौशल विकास से संबंधित ट्रेनिंग कार्यक्रमों का संचालन विभिन्न जिलों में कर रही है ताकि उन्हें अपने क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध हो सके। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंदों को शासकीय योजनाओं से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि से संबंधित सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य सरकारी सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाने में मदद की जा रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों को दिलाया जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान संस्था के पूरब धुरंधर, काजल कश्यप, गिरधारी साहू, उत्तम सामरथ उपस्थित थे।

# बांसपारा में पानी की समस्या, वार्डवासी निगम कार्यालय पहुंचे



**धमतरी।** बांसपारा वार्ड में पानी की समस्या विकराल हो गई है। पानी की मांग को लेकर पार्षद मिथिलेश सिन्हा के नेतृत्व में वार्डवासी निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आयुक्त से पानी की सप्लाई करवाने की मांग की है। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड में पखवाड़े भर से नलों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे उन्हें दिक्कतें हो रही हैं। पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# इंडोर स्टेडियम में खड़ी गाड़ी में लगी आग





**धमतरी।** शहर स्थित इंडोर स्टेडियम के अंदर खड़ी गाड़ी में आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन अधिकारी सुश्री शोभा ठाकुर ने तत्काल फायर टीम को आग बुझाने के लिए आदेशित किया। फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस अवसर पर वाहन चालक दिलीप निषाद, फायरमैन रोहित सिवना एवं देवेंद्र साहू उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वात रोग, हाथ पैर में दर्द होना, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस, दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी. रोग, केश रोग, नेत्र रोग व दांत रोग का इलाज होता है।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## मजदूरों को मीठा पानी पिलाकर किया सम्मानित

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत अमलीडीह में विश्व श्रमिक दिवस पर रोजगार गारंटी कार्य पर मजदूरों को मीठा पानी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिवदयाल साहू सरपंच,पवन साहू रोजगार सहायक, गुलाप राम साहू, जितेन्द्र साहू, संतोष साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर पंचगण उपस्थित थे।

## बागोडार में श्रमिक दिवस मनाया गया

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत लीलर के आश्रित ग्राम बागोडार में मजदूरों द्वारा श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर तकनीकी सहायक अधिकारी प्रियंका देशमुख, रोजगार सहायक तुलसीराम ध्रुव, मेट विशेष कुमार नेताम, बिंदेश्वरी तथा मजदूरगण मनोहर, राजाराम, तिलक, राजेंद्र, उमेन्द्र, अजय, निरंजन, पोखन मरकाम उपस्थित थे।

## भखारा के कांग्रेसियों ने श्रमिक दिवस पर खाया बोरे बासी

**अंवरी।** विश्व श्रमिक दिवस पर पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ी खान-पान व मेहनतकश श्रमिकों के भोज्य को पहचान दिलाने 1 मई को बोरे बासी खाने की शुरूआत की थी। इस परंपरा को जारी रखते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू के निवास में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित आमजनों ने बोरे बासी खाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा साहू, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भरत नाहर सहित अन्य मौजूद थे।

